10-02-2023 Transporation issue in Naxal-Affected Gadchiroli-Chimur Region and announcing the Tax-holiday package in the region for benefit of unemployed. SPECIAL MENTION (ZERO HOUR) Nete, Shri Ashok Mahadeorao Road Transport Forest Land

Title: Transporation issue in Naxal-affected Gadchiroli-Chimur Region and announcing the Tax-holiday package in the region for benefit of unemployed.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान महाराष्ट्र में अपने संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जो कि शायद देश का सबसे बड़ा आदिवासी बहुल, घना, अविकसित, नक्सल प्रभावित और आकांक्षित है । मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़े प्रमाण पर यानी 78 परसेंट फॉरेस्ट है । वहाँ बड़े प्रमाण पर मिनरल्स हैं । वहाँ ग्रेनाइट, डोलोमाइट, हीरा, पन्ना, मैंगनीज, कोयला, सोना आदि बड़े प्रमाण पर है, जिनके ऊपर कई उद्योग खड़े हो सकते हैं, कारखाने खड़े हो सकते हैं । ऐसा आज तक नहीं हुआ है, इसका मुख्य कारण ट्रांसपोर्टेशन की कमी होना है ।

महोदय, इस देश के लाडले प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय नितिन गडकरी जी ने मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब-करीब 8-9 नेशनल हाइवे मंजूर किए हैं, जिनका काम तेजी से चालू है ।

महोदय, मेरी दूसरी बात है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारे रेलवे मिनिस्टर वहाँ तीन रेल लाइन मंजूर कर चुके हैं । अगर यह कार्य दो-ढाई साल में पूरा हो गया तो वहाँ पर बड़े-बड़े कारखाने आएंगे, उद्योग-धंधे आएंगे । उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के लिए टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया गया है । इसमें केंद्र और स्टेट का कोई टैक्स नहीं लगता है । यदि मेरे संसदीय क्षेत्र में टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया जाए तो वहाँ भी कोई टैक्स नहीं लगेगा, कोई कर नहीं लगेगा और वहाँ जो बड़े पैमाने पर लाखों बेरोजगार लोग हैं, वे भटक रहे हैं, गलत रास्ते पर जा रहे हैं । ऐसा होने से ऐसे बेरोजगार युवकों को काम मिलेगा । यदि टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया जाए तो वहाँ आसानी से कारखाने आएंगे और उद्योग आएंगे । मेरी केंद्र सरकार से डिमांड है कि वह वहाँ टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित करे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।